तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026

12 11,400 नकद व सात बाइक जब्त कन्हारपुरी...

12 शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर किया मंथन व नवोदय...

खबर संक्षेप

विधायक ने व्हीलचेयर सौंपा, मिली राहत

कांकेर। विकासखँड कांकेर के ग्राम सिदेसर की 48 वर्षीय सीता जैन, जो लंबे समय से चलने-फिरने और उठने-बैठने में असमर्थ हैं, उन्हें विधायक आशाराम नेताम ने व्हीलचेयर प्रदान की। विदित हो कि उनकी बुआ द्वारा अँगना विधायक जनसंपर्क कार्यालय, बेवरती में आवेदन दिया और विधायक ने तत्काल व्यवस्था कराई। आमंत्रण पर परिवार कार्यालय पहुंचा, जहां व्हीलचेयर सौंपकर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया गया। विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बस्तर पंडुम का विजेता दल राष्ट्रपति से करेगा मुलाकात

दुर्गूकोंदल। बस्तर पण्डुम में उत्कृष्ट शिल्पकला का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल करने वाले ग्राम पंचायत भंडारडिग्गी के आश्रित ग्राम डांगरा के प्रतिभागियों का दल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात के लिए दिल्ली रवाना हुआ। दल में ओमप्रकाश गावड़े, विजय मरकाम, इतेश्वर नाग, रजनी बाई नरेटी, धनिता मंडावी और प्रतिमा शामिल हैं। यह प्रतिभागी 29 जुलाई को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व करेंगे। सरपंच रमुला राजेन्द्र नरेटी ने कांकेर जिले और पूरे बस्तर संभाग के लिए गौरव का क्षण बताया।

सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना पड़ा मंहगा

कांकेर। शीतलापारा तालाब के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहे एक युवक के खिलाफ कांकेर पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मुखबिर की जानकारी पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बड़ेगौरी निवासी हाल इमलीपारा कांकेर निवासी 30 वर्षीय चुमेन्द्र कुमार कावड़े को पकड़ा। पुलिस को देखकर आरोपी ने शराब की बोतल और डिस्पोजल गिलास तालाब में फेंक दिया। एल्कोमीटर जांच में उसके शरीर में अल्कोहल पाया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश काउंसिलिंग 30 को

कांकेर। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 30 जुलाई गुरुवार को प्रातः 11 से 12 बजे तक ओपन काउंसेलिंग आयोजित की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समय पर महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

सिक्सलेन सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत, स्कूल और खेत तक पहुंचना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए बनाई जा रही रायपुर से विशाखापट्टनम सिक्सलेन सड़क अब कई ग्रामीणों के लिए नई परेशानी का कारण बन गई है। सड़क निर्माण के बाद गांव और स्कूल के बीच सुरक्षित आवागमन का रास्ता नहीं बचा है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल गांव के दूसरे छोर पर चला गया है, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों का नियमित आवागमन कठिन हो गया है, वहीं किसानों को भी अपने खेतों तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार सिक्सलेन सड़क चालू होने के बाद तेज रफ्तार वाहनों के बीच छात्रों का सड़क पार करना बेहद जोखिम भरा होगा। वर्तमान स्थिति में भी छात्रों और शिक्षकों को स्कूल पहुंचने के लिए कठिन रास्ता तय करना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था नहीं की गई तो छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है। गांव के लोगों ने बताया कि इस गंभीर समस्या से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई और जिला प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्कूल और गांव को जोड़ने के लिए ऐसे सुरक्षित मार्ग का निर्माण कराया जाए, ताकि छात्रों, शिक्षकों और आम लोगों को बिना किसी खतरे के आवागमन की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों ने प्रशासन और एनएचएआई से मांग की है ▶▶|शेष पेज 10 पर

फुटओवर ब्रिज बनाए जाने से समस्या का नहीं होगा निदान

आज यह स्थिति पैदा नहीं होती

सरपंच सियाराम कोसमा का कहना है कि विकास कार्यों का स्वागत है, लेकिन ऐसी परियोजनाओं में स्थानीय लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। उनका कहना है कि सड़क निर्माण के साथ सुरक्षित क्रॉसिंग और ग्रामीण संपर्क मार्ग की व्यवस्था की जाती तो आज यह स्थिति पैदा नहीं होती।

फुटओवर ब्रिज का प्रस्ताव भेजा गया

इस मामले को जानने के लिए हरिभूमि ने एनएचएआई के शमसेर सिंह से बातचीत किया तो उनका कहना था कि उस स्थल पर किसी भी तरह का आने जाने के लिए किसी भी तरह का प्रावधान नहीं था, परंतु समस्या सामने आने के बाद फुटओवर ब्रिज को बनाने को लेकर उच्च अधिकारियों के पास प्रस्तावा भेजा गया है। के किसान एनएचएआई के अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए नजर आए।

प्रभावित छात्रावासों और ग्रामीणों के घरों में पहुंचकर वस्तु स्थिति की जानकारी ली

मर्दापोटी व इरादाह में मलेरिया का प्रकोप पीड़ितों से विधायक नेताम ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मर्दापोटी और इरादाह क्षेत्र में मलेरिया के बढ़ते प्रकोप के बीच क्षेत्रीय विधायक आशाराम नेताम ने सोमवार को प्रभावित गांवों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने मलेरिया से प्रभावित छात्रावासों और ग्रामीणों के घरों में पहुंचकर वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद एमसीएच अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों से मुलाकात किया। विधायक ने कहा कि बच्चों और ग्रामीणों का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा उपचार और रोकथाम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- स्वास्थ्य अमले को हर स्तर पर सतर्कता और त्वरित उपचार सुनिश्चित करने दिए निर्देश

कांकेर विधायक सबसे पहले मर्दापोटी और इरादाह पहुंचे, जहां उन्होंने मलेरिया प्रभावित छात्रावासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई और बच्चों की देखभाल की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से संक्रमित बच्चों की संख्या, उपचार की स्थिति और अब तक किए गए स्वास्थ्य परीक्षण की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उन्होंने ▶▶|शेष पेज 10 पर

एमसीएच में भर्ती मरीजों से किया संवाद

गांवों के निरीक्षण के बाद विधायक आशाराम नेताम एमसीएच अस्पताल पहुंचे, जहां मलेरिया से पीड़ित भर्ती बच्चों और अन्य मरीजों से संवाद किया। उन्होंने एक-एक मरीज का हालचाल जाना और उनके परिजनों से उपचार के संबंध में जानकारी ली। चिकित्सकों से चर्चा करते हुए उन्होंने मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति की समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि सभी मरीजों को समय पर दवाइयां, आवश्यक जांच और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

विधायक ने दिलाया भरोसा

विधायक ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी संवेदनशीलता के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। यदि अतिरिक्त चिकित्सकीय संसाधनों या स्वास्थ्य कर्मियों की आवश्यकता होगी तो तत्काल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना और संक्रमण को तेजी से नियंत्रित करना है।

सावधानी बरतने की अपील

विधायक आशाराम नेताम ने ग्रामीणों से अपील किया कि बरसात के मौसम में मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को भी सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि तेज बुखार, ठंड लगना या अन्य लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच कराएं और उपचार में देरी न करें। आसपास पानी को एकत्र न होने दे और साफ-सफाई का जरूर ध्यान रखें।

प्रभावित क्षेत्र में चिकित्सा दल सक्रिय

विधायक ने कहा कि प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और जनप्रतिनिधि मिलकर स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा दल सक्रिय हैं और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि संक्रमण को जल्द नियंत्रित किया जा सके तथा बच्चों सहित ग्रामीणों को सुरक्षित रखा जा सके। विधायक ने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों से मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण पाया जाएगा और प्रभावित बच्चे शीघ्र स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौटेंगे।

स्कूल मैदान में छात्र की डंडे से पिटाई, आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्कूल मैदान के पास दोस्तों के साथ बैठे एक छात्र को गाली-गलौज का विरोध करना महंगा पड़ गया। आरोप है कि गांव के एक युवक ने पहले अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और विरोध करने पर बांस के डंडे से हमला कर छात्र को घायल कर दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर घायल छात्र को बचाया। पीड़ित के पिता की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना कांकेर क्षेत्र के ग्राम मुरडोंगरी में 26 जुलाई की शाम करीब साढ़े 5 बजे पीड़ित युगल किशोर चौहान अपने मित्र राधे कवाची और पप्पू नेताम के साथ स्कूल मैदान के पास सीढ़ियों पर बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव का सुकमन कांगे वहां पहुंचा और तीनों युवकों पर गंदगी फैलाने का आरोप लगाते हुए कथित रूप से गाली-गलौज करने लगा। शिकायत के मुताबिक जब पीड़ित ने गाली देने से मना किया तो आरोपी भड़क उठा और कथित रूप से कहा कि तू कौन होता है मुझे गाली देने से मना करने वाला। इसके बाद उसने हाथ में रखे बांस के डंडे से छात्र पर हमला कर दिया। हमले में पीड़ित के सिर पर चोट आई। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के दौरान मौके पर मौजूद रोहन चौहान, रोशन कौशिक, राधे कवाची और पप्पू नेताम ने हस्तक्षेप कर किसी तरह आरोपी को रोका और घायल छात्र को उसके चंगुल से छुड़ाया। स्थानीय लोगों के बीच-बचाव के बाद विवाद शांत हुआ।

- दोस्तों का साथ बैठे छात्र की गंदगी फैलाने के आरोप में की मारपीट

घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित के पिता अनिल चौहान कांकेर थाना पहुंचे और आरोपी सुकमन कांगे के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296 एवं 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

18 साल पुराना मनरेगा घोटाले पर 8 अधिकारियों के खिलाफ चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

करीब 18 वर्ष पुराने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में कथित 1.69 करोड़ की आर्थिक अनियमितता के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला पंचायत कांकेर के तत्कालीन बर्खास्त सीईओ सहित आठ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ विशेष न्यायालय में 6,000 पृष्ठों का चालान पेश किया गया है। जांच में निविदा प्रक्रिया की अनदेखी, नियमों के उल्लंघन और सरकारी धन के दुरुपयोग के साक्ष्य मिलने का दावा किया गया है।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में वर्ष 2006-07 और 2007-08 के दौरान सामग्री खरीदी में कथित 1,69,14,247 रूपएं की आर्थिक अनियमितता के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू), रायपुर ने 18 वर्ष बाद न्यायालय में चालान प्रस्तुत कर दिया है। ब्यूरो ने 27 जुलाई 2026 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश, कांकेर की अदालत में तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ केपी देवांगन सहित आठ अधिकारियों के विरुद्ध 6,000 पृष्ठों का चालान दाखिल किया।

विवेचना के अनुसार तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ ने शासन के निर्देशों के विपरीत जिला स्तर पर केंद्रीकृत सामग्री खरीदी कराई, जबकि नियमों के अनुसार जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों को स्वतंत्र रूप से सामग्री खरीदने का अधिकार था। जांच में फ्लेक्सी बोर्ड, मस्टर रोल सत्यापन पत्रक, रोजगार गारंटी योजना मार्गदर्शिका, रोजगार उपलब्धता पंजी, फाइल कवर और अन्य सामग्रियों की खरीदी में निविदा प्रक्रिया एवं छत्तीसगढ़ पंचायत सामग्री क्रय नियमों के उल्लंघन के साक्ष्य मिलने की बात कही गई है।

1.69 करोड़ की मिली वित्तीय अनियमितता

ईओडब्ल्यू का दावा है कि जिला पंचायत कांकेर तथा कांकेर, नरहरपुर, चारामा, अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, भानुप्रतापपुर और दुर्गकोंदल जनपद पंचायतों के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारियों ने आपसी सांठगांठ और षड्यंत्र के तहत शासकीय राशि का अपव्यय किया। जांच में जिला पंचायत में 39.90 लाख तथा सात जनपद पंचायतों में कुल 1.29 करोड़ की अनियमितता सामने आई, जिससे शासन को कुल 1.69 करोड़ की आर्थिक क्षति पहुंचने के साक्ष्य पाए गए।

मोबाइल पर वार्ता, संदेह में पत्नी से मारपीट, पति पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शराब के नशे में पत्नी पर चरित्र संदेह करना एक युवक को भारी पड़ गया। मोबाइल पर रिश्तेदारों से बातचीत को लेकर हुए विवाद में कथित रूप से पत्नी के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में नरहरपुर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार वार्ड क्रमांक-2 शांति चौक नरहरपुर निवासी 26 वर्षीय पूनम कोमरा ने शिकायत में बताया कि उसका पति पुनेन्द्र कोमरा आए दिन शराब के नशे में घर आता है और उस पर किसी अन्य व्यक्ति से मोबाइल पर बातचीत करने का बेबुनियाद शक करता है। ▶▶|शेष पेज 10 पर

भाजपा कार्यालय और कई दिग्गजों नेताओं का इस इलाके में है निवास

घड़ी चौक से अलबेलापारा तक मार्ग बदहाल, गड्ढों में तब्दील हुई सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के घड़ी चौक से अलबेलापारा जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। लगातार हो रही बारिश के चलते सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर पानी भरे होने के कारण गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बारिश शुरू होते ही सड़क की हालत और अधिक खराब हो गई है। दोपहिया वाहन चालक गड्ढों से बचते हुए जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं, जबकि चार पहिया वाहन भी धीमी गति से निकल रहे हैं। रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूली छात्र-छात्राएं, नौकरीपेशा लोग और बुजुर्ग सबसे अधिक परेशानी झेल रहे हैं। लोगों का आरोप है कि सड़क की मरम्मत की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक न तो संबंधित विभाग ने ध्यान दिया और न ही जनप्रतिनिधियों ने कोई ठोस पहल की। जब जिले के प्रमुख राजनीतिक कार्यालय और जनप्रतिनिधियों के आवागमन वाला मार्ग ही ऐसी बदहाल स्थिति में है, तब अन्य क्षेत्रों की सड़कों की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। इस मार्ग की सबसे खास बात यह है कि इसी रास्ते पर सबसे पहले सांसद निवास, भाजपा कार्यालय कमल सदन स्थित है और साथ ही भाजपा के जिला अध्यक्ष का निवास भी इसी मार्ग पर है। यह क्षेत्र भाजपा पार्षद के वार्ड के अंतर्गत आता है, लेकिन इसके बावजूद सड़क की दुर्दशा लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

क्षेत्रवासियों ने लोक निर्माण विभाग और प्रशासन से मांग की है कि घड़ी चौक से अलबेलापारा तक इस महत्वपूर्ण सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए। बारिश के दौरान बने गड्ढों को भरकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। नागरिकों का कहना है कि विकास के दावों को जमीन पर उतारने के लिए इस सड़क का शीघ्र जीर्णोद्धार आवश्यक है।

खबर संक्षेप

सूरजगढ़ माइंस परिवहन का विरोध, कांग्रेस का संघर्ष तेज

पखांजूर। महाराष्ट्र के सूरजगढ़ लौह अयस्क खदान से हो रहे परिवहन को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार और माइंस प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा तेज कर दिया है। अंतागढ़ विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रूपसिंह पोटाई ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया कि परलकोट क्षेत्र की जीवनरेखा माने जाने वाले राज्य राजमार्ग क्रमांक-25 पर 60 से 70 टन क्षमता वाले भारी वाहनों का संचालन किया जा रहा है, जबकि सड़क की वहन क्षमता 20 से 25 टन है। इससे सड़क, पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। भारी वाहनों के विरोध में क्षेत्र में लगातार जनआंदोलन हो रहे हैं। कांग्रेस ने हाल ही में अंजली नाला पुलिया पर धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन के बाद राजनीतिक दबाव में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई, जबकि आपातकालीन सेवाओं के लिए वैकल्पिक मार्ग खुला रखा गया था। कांग्रेस ने परलकोट क्षेत्र को खनन प्रभावित घोषित करने, सड़क सुदृढ़ीकरण, नियमित जल छिड़काव, स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वास्थ्य व शिक्षा सुविधाओं के विस्तार की मांग की है। चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर एसडीएम कार्यालय घेराव, पोस्टकार्ड अभियान, अनिश्चितकालीन धरना और भूख हड़ताल जैसे आंदोलन किए जाएंगे।

छात्रा टेसू पल्लवी का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन

केशकाल। शिप्रा विद्यालय की कक्षा 8 वीं की मेधावी छात्रा टेसू पल्लवी पिता कौशल कुमार नेताम का चयन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ है। यह चयन प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर हुआ है। टेसू पल्लवी ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की है।

पेज 9 के शेष

सिक्सलेन सड़क बनी ...

कि समस्या का शीघ्र स्थायी समाधान किया जाए। उनका कहना है कि छात्रों की सुरक्षा, शिक्षकों की आवाजाही और किसानों की आजीविका से जुड़ा यह मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो सिक्सलेन सड़क ग्रामीणों के लिए सुविधा से अधिक परेशानी का कारण बन सकती है।

मर्दापोटी व इरादाह...

प्रभावित ग्रामीणों के घरों में जाकर परिजनों से बातचीत की और बीमारी के कारण उत्पन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने विधायक को क्षेत्र में लगातार बुखार के मामलों, मच्छरों की बढ़ती समस्या और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी चुनौतियों की जानकारी दी। इस पर विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रभावित परिवार तक स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचे और जरूरतमंदों को समय पर दवा, जांच तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि बीमारी की रोकथाम के लिए केवल उपचार ही नहीं, बल्कि जागरूकता और सतत निगरानी भी आवश्यक है।

मोबाइल पर वार्ता...

इसी बात को लेकर वह अक्सर गाली-गलौज, मारपीट करने के साथ ही घर छोड़ने और सामाजिक बैठक बुलाने की धमकी देता रहता है। महिला ने पुलिस को बताया कि 26 जुलाई की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने बड़े भाई कुणाल मरकाम और लोकेश मरकाम से सामाजिक बैठक के संबंध में मोबाइल पर बातचीत कर रही थी, तभी उसका पति घर पहुंचा और गुस्से में उसका मोबाइल छीन लिया। आरोप है कि इसके बाद उसने हाथ और थप्पड़ों से मारपीट की तथा घर से निकल जाने के लिए कहा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट में महिला के सिर और शरीर में चोट व दर्द होने की शिकायत है। शिकायत के आधार पर नरहरपुर पुलिस ने आरोपी पुनेन्द्र कोमरा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296 और 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

मरदा खासपारा स्कूल में बच्चों ने चुनी अपनी सरकार, बाल कैबिनेट गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

लोकतंत्र केवल किताबों तक सीमित न रहे, बल्कि बच्चे उसे व्यवहारिक रूप से समझें और लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करें, इसी उद्देश्य से शासकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय मरदा खासपारा में बाल कैबिनेट का चुनाव उत्साह और पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया गया। मतदान से लेकर मतगणना और परिणाम घोषणा तक की पूरी प्रक्रिया ने विद्यालय परिसर को एक वास्तविक चुनावी माहौल में बदल दिया।

विद्यालय में बाल कैबिनेट के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया चार चरणों में संपन्न कराई गई। सबसे पहले मतदाता सूची एवं मतपत्र तैयार किए गए।

लोकतांत्रिक प्रकिया से किया गया निर्वाचन

उत्सव का रहा माहौल

परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल बन गया। विजयी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। विद्यालय परिवार ने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि बाल कैबिनेट के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का और अधिक विकास होगा।

स्कूल के यह छात्र बने पदाधिकारी

चुनाव में बहुमत प्राप्त कर मिथलेश भुई शाला नायक एवं बाल कैबिनेट के प्रधानमंत्री, राजेंद्र कोमरा उपप्रधानमंत्री, ईशिका नेगी शिक्षा मंत्री, सनिया मंडावी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री, ललिता दुग्गा पर्यावरण मंत्री, मोनिका मंडावी खेल मंत्री, धनेश्वरी उसेंडी अनुशासन मंत्री, दिपेश उसेंडी संस्कृति मंत्री, वैष्णवी तेता पुस्तकालय मंत्री निर्वाचित हुए।

इसके बाद नामांकन प्रक्रिया पूरी कर प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए तथा उन्हें प्रचार-प्रसार का अवसर भी दिया गया। मतदान के दिन छात्र-छात्राएं अनुशासित ढंग से पंक्तिबद्ध होकर मतदान केंद्र पहुंचे, मतदाता रजिस्टर में हस्ताक्षर किए और मतपेटी में अपने मत डालकर लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। पूरी चुनाव प्रक्रिया में शिक्षक मोहन वर्मा, पन्नालाल कौशल, कृष्णाकांत ध्रुव, गंगेश्वरी टेकाम, उमेश शुक्ला एवं रामदयाल आचले ने मतदान अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारी की भूमिका निभाई। मतदान समाप्त होने के बाद सभी प्रत्याशियों की उपस्थिति में निष्पक्ष तरीके से मतगणना की गई और परिणाम घोषित किए गए।

बैठक : कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में दिए निर्देश

आश्रम और छात्रावासों में स्वास्थ्य परीक्षण नियमित करें और निर्माण हों समय पर पूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर जिले में मलेरिया एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर ने सभी आश्रम-छात्रावासों और स्कूलों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा आवश्यक उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों और लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने अभियान के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन एवं पीएम पोर्टल में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में जिले में संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक स्वीकृत सभी अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर विकास प्राधिकरण तथा सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों में भी तेजी लाने को कहा। नशामुक्त अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्कूल परिसरों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी विभागों में डीएफ (निष्क्रिय) खातों के निराकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने को कहा। बैठक में आंगनबाड़ी भवनों, उचित मूल्य सह गोदाम भवन, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन, मुख्यमंत्री घोषणा मद के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों तथा आयुष्मान भारत योजना के पंजीयन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने और योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि तथा जनपद पंचायतों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की प्राथमिकताओं को प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारने का आह्वान किया।

बिहान समूह की महिलाओं ने किसानों को सिखाई उन्नत व जैविक खेती की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को आधुनिक एवं जैविक खेती की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर कृषि विकास को नई दिशा दे रही हैं। जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बिहान परियोजना के मार्गदर्शन में हाटकोंदल क्लस्टर के शारदा महिला संगठन, सिवनी द्वारा ग्राम सिवनी में किसानों के खेतों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीआरपी ममता ठाकुर के नेतृत्व में किसान परदेसी राम मंडावी एवं शैलेंद्री मंडावी के खेतों में श्री विधि कतार बोनी, रोपाई मचान विधि, जैविक खाद निर्माण, प्राकृतिक कीटनाशक तैयार करने की प्रक्रिया, उन्नत बीज चयन, फसल प्रबंधन तथा कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाली तकनीकों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। महिला समूह की सदस्यों ने किसानों को बताया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है, जबकि जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने से भूमि की गुणवत्ता बनी रहती है, उत्पादन बेहतर होता है और खेती की लागत भी कम होती है। प्रशिक्षण में कृषि सखी रोशनी महावीर, भुवनेश्वरी जैन, सुशीला तोपा, सामेश्वरी, इतवारीन बाई, कंचन तोपा सहित कई महिला समूहों की सदस्य मौजूद रहीं। महिलाओं ने किसानों को मशरूम उत्पादन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, सब्जी उत्पादन सहित अन्य स्वरोजगार अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षणों से आधुनिक एवं जैविक खेती के प्रति विश्वास बढ़ रहा है और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने की नई राह मिल रही है।

बढ़ते बिजली बिलों का किया विरोध, कांग्रेस ने चलाया जागरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर कांग्रेस कमेटी कांकेर द्वारा बढ़ते हुए बिजली बिलों की दरों के विरोध में सोमवार को जनसंपर्क एवं जनजागरण अभियान चलाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के मेन रोड में पहुंचकर आम जनता से मुलाकात की और स्मार्ट मीटर बदलने के लिए आवेदन फॉर्म का वितरण किया।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यासीन करानी का कहना है कि प्रदेश में लगातार बिजली बिलों में हो रही बेतहाशा वृद्धि के कारण आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। बढ़े हुए बिजली बिलों से मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसी मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मेन रोड के दुकानों में जाकर नागरिकों से संवाद किया। इस दौरान लोगों को स्मार्ट मीटर से संबंधित समस्याओं की जानकारी दी गई तथा स्मार्ट मीटर बदलने के लिए आवेदन फॉर्म वितरित किए गए। कार्यकर्ताओं ने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कर अपनी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने की अपील की। शहर कांग्रेस कमेटी ने कहा कि यदि बढ़ती बिजली दरों और स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के लिए कांकेर शहर के हर वार्ड में जाकर, जनता के हित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम में महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा बंटी, रमेश गौतम, मनोज जैन, मुकेश तिवारी, चंद्रलोक ठाकुर, आलोक श्रीवास्तव, तूकेश्वर साहू, खोमेंदे उइके, राजा ठाकुर व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

19 लाख के गोड़वाना भवन टिन शेड के घटिया निर्माण की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल स्थित गोड़वाना भवन परिसर में खनिज न्यास निधि से लगभग 19 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से निर्माणाधीन टीना शेड के कार्य में भारी अनियमितता और घटिया निर्माण का आरोप सामने आया है। गोड़वाना समाज के पदाधिकारियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए हैं तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

समाज के पदाधिकारियों का आरोप है कि बाहरी ठेकेदार द्वारा प्लिंथ निर्माण में मिट्टी मिश्रित घटिया रेत और कम मात्रा में सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि लाखों रुपये की लागत से बनने वाले सार्वजनिक निर्माण में इस प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। निरीक्षण के दौरान समाज प्रमुख आयनू ध्रुव, देवेंद्र टेकाम, राजेश गोटा, मुकेश गावड़े और महत्तम दुग्गा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने निर्माण स्थल पर डंप की गई रेत का अवलोकन किया और आरोप लगाया कि उसमें अत्यधिक मिट्टी मिली हुई है। पदाधिकारियों ने कहा कि गोड़वाना समाज क्षेत्र का सबसे बड़ा समाज है और पंचायत से लेकर संसद तक उसके प्रतिनिधि हैं, फिर भी समाज के लिए स्वीकृत निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी कर ठेकेदार लीपापोती करने में लगा है।

समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि खनिज न्यास निधि से स्वीकृत टीना शेड निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए। यदि निर्माण में अनियमितता और गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग न हो और समाज को गुणवत्तापूर्ण निर्माण मिल सके।

दुधावा में नए चौकी प्रभारी योगेंद्र का पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

पुलिस चौकी दुधावा में सोमवार को स्थानांतरण के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान थाना सरोना स्थानांतरित हुए चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार वर्मा को अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर विदाई दी। विदाई के अवसर पर निरीक्षक योगेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि दुधावा में उनका कार्यकाल यादगार रहा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सभी का सहयोग मिला। उन्होंने नई पदस्थापना पर भी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बात कही। इसी अवसर पर पुलिस चौकी दुधावा के

नवपदस्थ प्रभारी मनीष नेताम का पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आम नागरिकों को त्वरित और निष्पक्ष पुलिस सेवा उपलब्ध कराने के लिए टीम के साथ मिलकर कार्य करने की बात कही। साथ ही क्षेत्रवासियों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

कार्यक्रम में उप निरीक्षक प्रेमशंकर ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक गंगाराम शोरी, प्रधान आरक्षक गौतम बिसेन, पदुम नेताम, परमेश्वर नेताम, गुरुचंद शोरी सहित पुलिस चौकी दुधावा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सरस्वती सायकिल योजना : 59 छात्राओं को मिली नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य शासन की सरस्वती सायकिल वितरण योजना के तहत शहर में 59 छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरित की गई। वितरण कार्यक्रम पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महात्मा गांधी वार्ड में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने छात्राओं को सायकिलें वितरित कर उन्हें नियमित अध्ययन और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि यह योजना छात्रओं की विद्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, आवागमन की सुविधा बढ़ाने तथा उन्हें

आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

जनप्रतिनिधि, शिक्षक और अभिभावक रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, मनीष देवांगन, पार्षद श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव, सुश्री सोनामणि पोयाम, श्रीमती सुषमा खोबरागड़े, विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

गौ सम्मान आह्वान अभियान, राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ संरक्षण के लिए प्रभावी एवं कठोर कानून बनाने सहित अन्य मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत सोमवार को कोंडागांव मे केशकाल से छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य ईश्वर नारायण सिंह के नेतृत्व में जिले के गौ सेवकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ संरक्षण के लिए प्रभावी एवं कठोर कानून बनाने तथा निराश्रित गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के सदस्य ईश्वर नारायण सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि गौवंश की सुरक्षा, संवर्धन एवं संरक्षण के लिए सशक्त कानून बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सरकार से गौ संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। ज्ञापन सौंपने के दौरान अभियान से जुड़े गौ सेवक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर केशकाल ब्लाक से फूलचंद सोरी,अर्जुन सोरी, नकुल सलाम, बीरबल साहू, एवं कोदोभाट ग्राम से माताए उपस्थित थी।

सरस्वती साइकिल योजना से छात्राओं को मिली नई उड़ान, शिक्षा की राह हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर।

छत्तीसगढ़ शासन की महत्त्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माटोली में पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति, पालकों एवं विद्यालय परिवार की उपस्थिति में छात्राओं को साइकिलें सौंपकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच सुखबती मरकाम, उपसरपंच विमल विश्वास, विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार विश्वास, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष निखिल मंडल तथा समिति के सदस्यों ने छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, विद्यालयों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं की आवागमन संबंधी कठिनाइयों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इससे छात्राओं में आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और स्वाभिमान का भी विकास होगा। प्राचार्य प्रदीप कुमार विश्वास ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य प्रत्येक छात्रा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर उसे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए तैयार करना है। उन्होंने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन और शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा। अंत में छात्राओं ने शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नियमित अध्ययन करने तथा अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने का संकल्प लिया।

खबर संक्षेप

नए पुलिस अधीक्षक ने संभाला कार्यभार

बीजापुर। जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक इससे पूर्व रायपुर मध्य जोन में पुलिस उपायुक्त के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर जिले की कानून-व्यवस्था एवं पुलिस व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रारंभिक चर्चा की।

पशुपालकों को मिलेगा बेहतर पशु चिकित्सा सुविधा का लाभ

बीजापुर। जिला के विकासखंड उसूर अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरकीनार के आश्रित ग्राम मोदकपाल में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हो गई। आज ग्राम मोदकपाल पशु औषधालय का शुभारंभ ग्राम पंचायत के उपसरपंच सदाशिव अलसा ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की पंच अनीता अंगनपल्ली, जव्वा शंकर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। नव स्थापित पशु औषधालय मोदकपाल से लगभग 8 किलोमीटर के दायरे में स्थित मुर्कीनार, संड्रेल, पावरेल, पुसगुड़ी, नुकनपाल सहित आसपास के अनेक गांवों के पशुपालकों को लाभ मिलेगा। यहां पशुओं के उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण, टीकाकरण, रोग नियंत्रण, परामर्श एवं अन्य पशु स्वास्थ्य सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे क्षेत्र में पशुपालन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ पशुपालकों की आय में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग जिला बीजापुर के उपसंचालक डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. शिव शंकर करनम, डॉ. सुरेश कुमार साहू, डॉ. विकास कुमार मेश्राम पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ तथा सुश्री अंबिका कांगे सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, पशु औषधालय मोदकपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

31 मार्च के नक्सलमुक्त के बाद बस्तर में बदली परिस्थितियां

छात्र आंदोलन की आड़ में राजनीति कर रहा विपक्ष : टिकरिहा

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

जंतर मंतर में युवाओं व छात्रों का जो प्रोटेस्ट है, उसका विरोध कहीं पर भारतीय जनता पार्टी ने नहीं किया और समय-समय पर अधिकार मांगना, उसका विरोध करना और प्रदर्शन करना ये छात्रों व युवाओं का एक विशेष अधिकार होता है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसका गलत फायदा उठा कर राजनीतिकरण कर दिया जो कही से भी ठीक नहीं था। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के बस्तर प्रवास के दौरान सुकमा में खास चर्चा की।

■ भाजपा के प्रति युवाओं में अलग ही तरह का जोश व जुनून : भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष

प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद आपकी सबसे बड़ी प्राथमिकता क्या है?

सबसे बड़ी प्राथमिकता है कि भारतीय जनता पार्टी का जो स्तंभ है, क्योंकि युवा ही सबको पार्टी की रीढ़ की हड्डी कही जाती है। मेरा उद्देश्य पूर्व से रहा है कि मैं युवा मोर्चा को मजबूत करूँ और युवा मोर्चा को मजबूत करने के लिए ही लगातार, जब से मैं बना हूं प्रवास ही कर रहा हूँ। मैं आपको बता दूँ कि आज की स्थिति में करीब मुझे 48 दिन हो गए, मैं अपने गांव नहीं जा पाया हूँ, घर नहीं जा पाया हूँ और बल्कि मेरा जो घर है रायपुर से महज तीस किलोमीटर की दूरी में है।

एक सूत्रीय और एक उद्देश्य के साथ मैं चल रहा हूँ कि मैं ज्यादा से ज्यादा युवा मोर्चा के साथियों को जोड़ूँ और हम तीन दिनों में ऑनलाइन जो हमारा क्यूआर कोड है और वेबसाइट है उसके माध्यम से 18 हजार से ज्यादा लोगों ने उसकी सदस्यता ग्रहण किया, सर्टिफिकेट जनरेट किया है।

प्रभावित क्षेत्रों में युवाओं के लिए युवा मोर्चा की क्या योजना है?

देखिए भाजपा में उनको जोड़ना अपने आप में बड़ा अभियान है। बीजापुर से जगरगुंडा, पुवर्ती, सिलगेर जैसे क्षेत्रों से युवा जुड़ रहे है। भाजपा के प्रति युवाओं में अलग ही तरह का जोश व जुनुन नजर आ रहा है। 31 मार्च के नक्सलमुक्त के बाद परिस्थितियां काफी बदली है। इन्हे मोर्चे के साथ जोड़ कर क्षेत्र की प्रगति में सहभागी बनाऐंगे।

प्रदेश सरकार के आधे कार्यकाल को किस रूप में देखते है ?

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की ढेरों योजनाएं चल रही है, चाहे प्रधानमंत्री आवास की योजना हो, राशन निशुल्क देने का विषय हो, महतारी वंदन का विषय हो, ऐसे तमाम कई महत्वपूर्ण योजनाएं हैं जो उन तक कभी पहुंची नहीं, न उन तक कभी प्रशासन पहुंची, न हमारे कार्यकर्ता पहुंचें। लेकिन अब अमित साह के मार्गदर्शन और गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व के बाद जिस प्रकार से नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ हुआ है और छत्तीसगढ़ के जो प्रमुख प्रभावित जिले दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा व नारायणपुर में योजना भी पहुंचा रहे हैं और वहां के युवाओं को मुख्यधारा में जोड़ते हुए युवा मोर्चा का सदस्यता भी दिला रहे हैं।

अगले एक वर्ष में आपका सबसे बड़ा लक्ष्य क्या है?

मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य है एक बूथ में 20 युवा, वन बुथ ट्वंटी युथ होगा और आने वाले जनवरी फरवरी में लाखों की संख्या में युवाओं का बड़ा सम्मेलन होगा और इस अभियान में हम निकल पड़े है। हमारे प्रदेश के मंत्री इस हेतु पूरी तरह से सक्रिय हो चुके है।

विपक्ष युवाओं के मुद्दे पर सरकार पर सवाल उठा रही ?

जंतर मंतर में युवाओं व छात्रों का जो प्रोटेस्ट है, उसका विरोध कहीं पर भारतीय जनता पार्टी ने नहीं किया और समय-समय पर अधिकार मांगना, उसका विरोध करना और प्रदर्शन करना ये छात्रों व युवाओं का एक विशेष अधिकार होता है, वो कर रहे हैं इसका विरोध भारतीय जनता पार्टी कहीं पर नहीं कर रही, लेकिन छात्र आंदोलनों में घुसकर अपने अस्तित्व को जिंदा करने का जो प्रयास विपक्ष कर रही है, चाहे वो कांग्रेस पार्टी हो, चाहे आम आदमी पार्टी है, चाहे वो लेफ्ट पार्टी का विषय हो, जेएमयू में जो टुकड़े-टुकड़े जो गैंग है, वो वहां पर बैठकर सरकार के खिलाफ छात्रों को बरगला रही है।

सीधी भर्ती से युवाओं को कितना लाभ मिलेगा?

ये खास और बड़ी बात है कि बस्तर की सुरक्षा की कमान युवाओं के हाथों में सौंपी जा रही है। इसके लिए करीब 5000 बस्तर फाईटर की सीधी भर्ती की जा रही है, इससे बस्तर को लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा जब चुनाव लड़ी, चुनाव जीती गारंटी के तहत जब हम उतरे थे, तो हमारा जो मांग था और जो मांग पत्र में हमने बिंदु जो शामिल लिए थे, उसमें स्पष्ट यही था कि हम युवाओं को प्राथमिकता देंगे, उनके हित की चिंता करेंगे। आपको ध्यान होगा, कि कांग्रेस सरकार ने एक भी रोजगार जारी नहीं की, कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ भेदभाव किया, बल्कि अपने कार्यकर्ताओं को पैसा पहुंचाने के लिए राजीव मितान क्लब जैसे कई योजना उन्होंने चालू की और जो पढ़े-लिखे युवा हैं, उनके साथ सिर्फ और सिर्फ छलावा किया, धोखा किया और तो और पिछली कांग्रेस सरकार ने पीएससी को इन्होंने गंदा किया, सत्रह ऐसे टॉपर सामने आये जो अधिकारी और कांग्रेसी नेता के बेटे, भाई और भतीजे थे, परिवार के लोग थे। तो हमारा मांग था कि हम उसमें सीबीआई जांच करेंगे।

27वें कारगिल विजय दिवस पर वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

कारगिल युद्ध में भारत की विजय के 27 वर्ष पूरे होने पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस श्रद्धा और देशभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद भैया-बहनों और आचार्यों ने देशभक्ति गीत, भजन और झांकी के माध्यम से शहीद जवानों को नमन किया। विद्यालय के छोटे-छोटे भैया-बहनों ने फौजी वेशभूषा में आकर्षक झांकी प्रस्तुत की। देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें जैसे देशभक्ति गीतों पर पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से भर गया। इस मौके पर आचार्य दीदियों ने कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताई।

सीआरपीएफ ने स्थापना दिवस गौरवशाली अतीत को याद करते मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

219वीं वाहिनी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ इंजराम स्थित अपने मुख्यालय में 88वां सीआरपीएफ दिवस मनाया। डीआईजी राजेश पांडे कोंटा रेंज के मार्गदशन में कमांडेंट पार्थ सारथी घोष के निर्देशन पर बल के सभी जवानों हर्षोल्लास के साथ सीआरपीएफ स्थापना

■ 219वी बटालियन इंजराम मुख्यालय में वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

दिवस मनाते हुए वीर शहीदों को याद किया। इस अवसर पर आला अधिकारियों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात द्वितीय कमान अधिकारी कमाण्डेन्ट एओएल द्वारा क्वार्टर गार्ड में गार्ड की सलामी ली। कमाण्डेन्ट एओएल कर्मवीर सिंह यादव ने 88वां स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में बल की महत्ता एवं गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की नींव मूलतः क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के नाम से 27 जुलाई 1939 को मध्य प्रदेश के नीमच में रखी गई थी। उन्होंने देश में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका तथा बल की गौरवशाली पराक्रम गाथाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी हमें अनेकों प्रकार के दायित्वों के सफलतापूर्वक निर्वहन हेतु सदैव तैयार रहना है तथा राष्ट्र की आशाओं एवं आकांक्षाओं पर खरा उतरना है। इस अवसर पर मुख्यालय एवं समवाय स्थलों पर खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं बड़ा खाना का आयोजन भी किया गया । कार्यक्रम के दौरान अनुराग राज द्वितीय कमान अधिकारी, अभय कुमार श्रीवास्तव उप कमाण्डेन्ट, काना राम चौधरी उप कमाण्डेन्ट, डॉ. एम.सुप्रिया एसएमओ एवं शंकर लाल मीणा सहायक कमांडेंट सहित सभी अधिकारीगण एवं अधिनस्थ अधिकारीगण तथा जवान उपस्थित रहें।

217 वाहिनी ने भी मनाया उत्साह व धूमधाम से स्थापना दिवस

कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में बीते लम्बे समय से सेवा दे रही सीआरपीएफ 217 वाहिनी ने उत्साह व धूमधाम से सीआरपीएफ स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कमांडेंट विजय शंकर ने देशहीत के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली। सम्बोधन में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना बल के गौरवशाली इतिहास उपलब्धियों और देश की आंतरिक सुरक्षा में बल की महत्वपूर्ण भूमिका तथा बहादुरी के लिये पदक विजेताओं का नाम पढ़कर उपस्थित राजपत्रित अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों और जवानों के साथ साझा किया तथा सभी जवानों को बल के लिए बेहतर कर्तव्य निर्वहन हेतु प्रेरित किया तथा मिठाई का वितरण किया। इस शुभ अवसर पर वाहिनी मुख्यालय सहित समवाय बी 217 पलोड़ी,सी 217 सालाटोंग, ई 217 धर्मापिंटा एफ 217, तुमालभट्टी, जी 217, वेलकनगुड़ा कैम्प परिसर में वृक्षारोपण कर जवानों ने पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर विरेन्दर कुमार,नीर सिंह मीणा, द्वितीय कमान अधिकारी, विजय कुमार, राणा नवीन, प्रदीप कुमार पाठक, डी. राजा ईलमपरिथि उप कमाण्डेन्ट डॉ. मंदीप सिंह ,डॉ. अजय कुमार मीणा सहित वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों उपस्थित रहे।

बब्लू सिद्दीकी अध्यक्ष व बिप्लव मल्लिक सचिव चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौहनगरी किरंदुल में किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के दो वार्षिक चुनाव संचालन कमेटी मनीष गुरु, रविंद्र सोनी, सुरेंद्र नायर, अमित सिंह, बजरंगबली पांडे के कमेटी ने अधिवक्ता दिनेश सिंह राठौर को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया।

दो वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई, जिसके तहत

■ नवनिर्वाचित पदाधिकारी को दिया गया जीत का प्रमाण पत्र

अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों ने सचिव पद पर, दो प्रत्याशियों ने उपाध्यक्ष पद पर, 6 प्रत्याशियों ने सह सचिव पद पर, 4 प्रत्याशियों ने कोषाध्यक्ष पद पर, 3 प्रत्याशियों ने और कार्यालय सच्ची पद पर दो प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म लिया था।

नामांकन जमा करने के पश्चात नाम वापसी के दिन संगठन को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए सभी प्रत्याशियों ने आपस में बैठक कर संगठन के हित में एक मजबूत और सशक्त पैनल बनाया गया और बाकी प्रत्याशियों ने चुनाव से अपना नाम वापस लिया जिससे चुनाव प्रणाली के तहत बाकी सभी पदों पर सर्वसम्मति पदाधिकारी चुने गए। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर बबलू सिद्दीकी, सचिव पद पर बिप्लव मल्लिक को चुना गया। उपाध्यक्ष मंगल कुंजाम एवं अमलेन्दु चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष शशि भूषण (बबलू) तिवारी, सह सचिव अमृत टंडन एवं सुजीत पिल्लई, कार्यालय सचिव तपन दास को निर्वाचित हुए सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को चुनाव अधिकारी अधिवक्ता दिनेश सिंह राठौड़ एवं चुनाव संचालन कमेटी के सदस्यों ने जीत के बाद पुष्प हार पहनकर जीत का प्रमाण पत्र दिया

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि एसोसिएशन एबीसी तीनों वर्ग के ठेकेदारों के साथ समानता का व्यवहार करेगी और उनके अधिकारों, सम्मान व हितों की रक्षा के लिए कार्य करेगी। संगठन का उद्देश्य सभी ठेकेदारों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं का समाधान करना तथा प्रशासन के समक्ष उनकी मांगों को प्रभावी ढंग से उठाना है।

अध्यक्ष बब्लू सिद्दीकी ने कहा कि सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करेंगे। संगठन तीनों वर्ग के ठेकेदारों में भेदभाव नहीं करेगा। सभी को समान अवसर और सम्मान दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

सचिव बिप्लव मल्लिक ने कहा कि संगठन की मजबूती ही ठेकेदारों की सबसे बड़ी ताकत है। संगठन के वित्तीय कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाएगी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को ठेकेदारों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी और विश्वास जताया कि नई टीम संगठन को नई दिशा देगी।

सभी सदस्यों के साथ मिलकर समस्याओं का त्वरित समाधान, विभागीय समन्वय और ठेकेदार हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी। सभी जीते हुए प्रत्याशियों को चुनाव में विजय होने पर प्रमाण पत्र देने के बाद कार्यक्रम के पश्चात सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम में पूर्व सचिव हरिशंकर मुखर्जी, मनोज सिंह, विपुल राय, शरद मिश्रा, केवि सुरेश, नवीन राय, राजेंद्र सक्सेना, जय वर्गिस, विजय सोढी, बाबूराव,मंजू छलीवाल, आसिफ सिद्दीकी, माधवराव, विनोद, निशु त्रिवेदी, जयप्रकाश सोनी, निमाई पाल, पीयूष राय, राजेश सोनी, अंकित चौहान, रमेश लोहार, राजू शर्मा अनेक ठेकेदार मौजूद थे।

डीएवी किरंदुल ने क्लस्टर लेवल खेलकूद प्रतियोगिता में जीते 49 स्वर्ण पदक

किरंदुल। डीएवी स्पोर्ट्स नेशनल क्लस्टर लेवल एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन दंतेवाड़ा में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में अंडर-14, 17 एवं 19 बालक-बालिका वर्गों में डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कुल 76 पदक (49 स्वर्ण, 9 रजत, 18 कांस्य) अपने नाम किए और जोनल स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। बालक वर्ग में स्वर्ण पदक 21, कांस्य पदक 15, रजत पदक 6, बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक 28, कांस्य पदक 3, रजत पदक 3 मिले। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी एथलीटों ने अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया, जिसमें मनीष कुमार सोरी, सागर बघेल, चंद्रभान साहू, रितिका वेट्टी एवं दीप्ति सोनवानी का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। इस उपलब्धि पर प्राचार्य एसके श्रीवास्तव ने बच्चों को बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विजेता खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, हमारे विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से न केवल विद्यालय का बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

अब आपके आंगन तक पहुंचेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नक्सल प्रभावित सुदूर अंचलों में सुरक्षा के साथ-साथ जनविश्वास कायम करने की दिशा में सुकमा पुलिस लगातार अभिनव पहल कर रही है। इसी कड़ी में शुरू किया गया निवा दुवड़ ते (आपके आंगन में) अभियान ग्रामीणों के बीच पुलिस और जनता के रिश्ते को नई मजबूती दे रहा है। स्थानीय बोली में संचालित यह अभियान पुलिस की संवेदनशील कार्यशैली का परिचायक बनकर उभरा है।

■ सुकमा पुलिस की नई पहल से गांव-गांव बढ़ रहा भरोसा

रविवार को थाना केरलापाल क्षेत्र के दूरस्थ एवं संवेदनशील गांवों में पुलिस टीमों ने चैपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। स्थानीय भाषा में बातचीत कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं, उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण करने का भरोसा दिया गया तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इससे ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बात रखी और पुलिस के प्रति विश्वास जताया।

प्रत्येक नागरिक की होगी सक्रिय भागीदारी

पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने बताया कि निवा दुवड़ ते का अर्थ स्थानीय बोली में आपके आंगन में है। इस अभियान का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच विश्वास, संवाद, सहभागिता तथा सहयोग को मजबूत करना है। स्थानीय भाषा और संस्कृति के माध्यम से प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

जनसहयोग बढ़ाने पर जोर

अभियान के तहत ग्रामीणों की समस्याओं का चिन्हांकन, शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण, गांवों की बुनियादी जरूरतों की जानकारी संबंधित विभागों तक पहुंचाना तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जनसहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए भी जागरूक किया गया।

जनता के द्वार जनता के साथ

सुकमा पुलिस की यह पहल केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि जनसहभागिता और विश्वास पर आधारित पुलिसिंग का सशक्त उदाहरण बनती जा रही है। जनता के द्वार जनता के साथ की भावना के साथ चलाया जा रहा यह अभियान दूरस्थ गांवों में सुशासन, सुरक्षा और विकास की नई उम्मीद जगा रहा है।

खबर संक्षेप

जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल की 29 को सामान्य सभा

दुर्गूकोंदल। जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल की सामान्य सभा की बैठक 29 जुलाई को प्रातः 11 बजे जनपद पंचायत सभाकक्ष में अध्यक्ष की अध्यक्षता में होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीआर सुखदेवे ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं सदस्यों को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सामाजिक सहायता पेंशन के लंबित प्रकरणों की स्वीकृति, विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, अनुकम्पा नियुक्ति प्रस्तावों पर विचार तथा अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही 16 वें वित्त आयोग की वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 के वार्षिक बजट के अनुमोदन पर भी निर्णय लिया जाएगा।

सड़क हादसे की जाँच के बाद मामला दर्ज

कांकेर। थाना क्षेत्र के ग्राम बेवरती में सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार 3 जून की रात करीब 8 बजे 35 वर्षीय ओमप्रकाश नेताम सड़क किनारे खड़ा था, तभी कांकेर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कमांडर वाहन क्रमांक सीजी 19 टी 0439 ने पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर घायल ओमप्रकाश को जिला अस्पताल से मेकाहारा रायपुर रेफर किया गया, जहां 4 जून की सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 106(1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के लिए सीएमओ की एडवाइजरी जारी

कांकेर। मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी.

ठाकुर ने सामयिक सलाह दी है कि नागरिक गण अपने घरों के आसपास की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें व मच्छरों की पैदावार रोकने के लिए गड्ढो व नालियों में पानी इकट्ठा न होने दें। सीएमएचओ ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिले में विगत 05-06 दिनों में मलेरिया से प्रभावित मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। ठहरे हुए पानी में मिट्टी का तेल, जला हुआ मोबिल आइल डाल दें। शाम के समय घरों में नीम के पत्तों का धुंआ करें व नियमित रूप से मच्छरदानियों का उपयोग करें। घरों में कूलर, फ्रिज का टे, टायर, नारियल के खोखले व अन्य कंटेरनुमा सामग्रियों में पानी जमा होने न देवें, क्योंकि इसमें जमा पानी में मलेरिया के मच्छर पनपने हैं। खानपान व स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें, गरम व ताजा भोजन का सेवन करें। स्वच्छ जल को उबालकर पियें, यदि किसी व्यक्ति को बुखार, उल्टी दस्त, हाथ व पैर में दर्द, सिर दर्द आदि की शिकायत हो तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर मलेरिया जांच करावें।

कांग्रेस का सांकेतिक प्रदर्शन आज

पखांजूर। पखांजुर। महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र में माओवादी होने का झांसा देकर बैनर-पर्चे फेंककर दहशत फैलाने के मामले में गढ़चिरौली पुलिस के द्वारा गिरफ्तार भाजपा नेता एवं जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक-24 शिवा मिस्त्री के विरोध में मंडल कांग्रेस कमेटी बांदे 28 जुलाई को शाम 4 बजे पानावर में सांकेतिक प्रदर्शन करेगी। मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ बारई ने तहसीलदार एवं थाना बांदे को लिखित सूचना देकर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री का सांकेतिक पुतला दहन प्रस्तावित है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

11,400 रुपए नकद व सात बाइक जब्त कन्हारपुरी में नौ जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोरर पुलिस ने रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम कन्हारपुरी नदी किनारे संचालित हो रहे काट-पत्ती जुए के फड़ पर दबिश देकर नौ जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 11 हजार 400 रुपये नगद, ताश की गड्डी, ग्रीन नेट, दो अधजली मोमबत्तियां तथा सात मोटरसाइकिलें जब्त कर सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान थाना कोरर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम कन्हारपुरी स्थित नदी किनारे कोसुम के पेड़ के नीचे कुछ लोग ताश की 52 पत्तियों से हार-जीत का दांव लगाकर काट-पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल रणनीति बनाकर बताए गए स्थान पर चारों ओर से घेराबंदी किया। पुलिस के पहुंचते ही जुआ खेल रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने नौ आरोपियों को मौके पर ही धर दबोचा। गवाहों की उपस्थिति में आरोपियों और जुए के फड़ की तलाशी लेने पर कुल 11 हजार 400 रुपये नगद बरामद हुए। इसके अलावा ताश की 52 पत्तियों की एक गड्डी, जुआ खेलने के लिए बिछाया गया ग्रीन नेट तथा रोशनी के लिए उपयोग में लाई जा रही दो अधजली मोमबत्तियां भी जब्त की गईं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया गया।

कन्हारपुरी नदी के तट पर सजी महफिल पर पुलिस की दबिश

गिरफ्तार जुआरियों में हैं शामिल

गिरफ्तार जुआरियों में गौरगांव निवासी 55 वर्षीय गंगाराम निषाद पिता स्व. जगमोहन निषाद, कन्हारपुरी निवासी 26 वर्षीय वेदप्रकाश पिता भरोस कोसमा, कन्हारपुरी निवासी 26 वर्षीय खिलेश उर्फ खिलावन नायक पिता मोतीराम नायक, कन्हारपुरी निवासी 30 वर्षीय चोमन भोयर पिता रज्जे राम भोयर, पेटोली निवासी 32 वर्षीय हेमंत साहू पिता स्व. जगमोहन साहू, आंवराभाट निवासी 38 वर्षीय महेश बघेल पिता स्व. हरीराम बघेल, बागोडार निवासी 34 वर्षीय सितेश्वर उर्फ सीनू कुंजाम पिता नंदराम कुंजाम, देवरी निवासी 32 वर्षीय धर्मेन्द्र प्रधान पिता स्व. दयाराम प्रधान और देवरी निवासी 46 वर्षीय फरसराम पिता स्व. ब्रम्हाराम शामिल है।

सात मोटरसायकिल भी जब्त

जुआ खेलने आए आरोपियों द्वारा उपयोग में लाई गई सात मोटरसाइकिलें भी मौके से बरामद की गईं, जिनमें स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 19 बीएस 3354, होंडा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीजे 7566, होंडा हॉर्नेट क्रमांक सीजी 19 बीके 8246, बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 19 बीआर 6637, हीरो ग्लैमर क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 1831, यामाहा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 एफ 0612 तथा हीरो सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 19 बीएम 7659 शामिल हैं।

2026 में एनडीपीएस के 24 प्रकरण दर्ज, 214 सड़क दुर्घटनाओं में 150 लोगों की मौत

सड़क सुरक्षा के लिए ब्लैक स्पॉट को सुधारने व नशे का कारोबार रोकने तैयारी की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्वापक औषधि एवं मनोप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति (एनसीओआरडी) तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

■ एनसीओआरडी की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में तय हुई रणनीति

बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, नशे के कारोबार, कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई, सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा तथा ब्लैक स्पॉट सुधार सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को अवैध नशे के कारोबार पर कठोर कार्रवाई करने और सड़क सुरक्षा उपायों को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक के बाद आयोजित एनसीओआरडी की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों को एनडीपीएस और

कोटपा एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कम उम्र के किशोरों को नशे की गिरफ्त में जाने से रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए जागरूकता अभियान के साथ-साथ नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में डीएसपी विंकेश्वरी पिंदे ने बताया कि वर्ष 2026 में अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 24 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें 21 मामले गांजा तथा तीन मामले अन्य प्रतिबंधित नशीली दवाओं से संबंधित हैं। इन प्रकरणों में कुल 36 आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है। कार्रवाई के दौरान जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 81 लाख 43 हजार 650 रुपये तथा अन्य नशीली प्रतिबंधित दवाओं की कीमत 21 हजार 618 रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार जब्त मादक पदार्थों का नियमानुसार विनष्टीकरण किया जाएगा।डीएसपी ने यह भी जानकारी दी कि पुलिस विभाग ने कोटपा एक्ट के तहत अब तक 611 प्रकरण दर्ज कर 1 लाख 21 हजार 200 रुपये का अर्थदंड वसूला है। विभागीय कर्मचारियों को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित प्रोजेक्ट करूणा के तहत इस वर्ष अब तक 20 कर्मचारियों को नशामुक्त कराया जा चुका है। इसके अलावा मादक पदार्थों की खरीदी-बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए उजियारा अभियान, चलित थाना, लघु नाटिकाओं, सामुदायिक पुलिसिंग तथा सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

छः माह में 150 की मौत

बैठक के दूसरे चरण में जिला सड़क सुरक्षा समिति ने सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि 1 जनवरी से 30 जून 2026 तक जिले में सड़क दुर्घटना के 214 प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें 150 लोगों की मृत्यु तथा 203 लोग घायल हुए। इसी अवधि में हिट एंड रन के 12 मामले भी दर्ज किए गए। अधिकांश दुर्घटनाएं राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई हैं, वहीं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 359 प्रकरणों में कार्रवाई कर 34 लाख 54 हजार 200 रुपये का अर्थदंड वसूला गया है।

ब्लैक स्पॉट से कराया गया अवगत

बैठक में जिले के ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट तथा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के दुर्घटना संभावित स्थानों की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने निर्माणाधीन पुल-पुलियों एवं सड़कों का कार्य शीघ्र पूरा कराने, राष्ट्रीय राजमार्ग के ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक सुधार कार्य करने, संवेदनशील स्थानों पर हाईमास्ट लाइट लगाने तथा शहर के भीतर यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित एवं सुचारू बनाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

किराए के नाम पर हुआ विवाद, मकान मालिकन से गाली-गलौज और मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ मात्र 200 रुपए के लेन-देने ने लिया हिंसक मोड़

महज 200 रुपये के बकाया किराये और बिजली बिल के भुगतान को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि किरायेदार अपने परिजनों के साथ वापस लौटा और मकान मालकिन के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शोर-शराबा सुनकर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अघन नगर क्षेत्र में रहने वाली ग्राम कोकपुर निवासी 32 वर्षीय डिगेश्वरी साहू ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके मकान में महेन्द्र कुमार अपनी पत्नी और बच्चे के साथ किराये से रहता था। तीन-चार दिन पहले उसने मकान खाली कर दिया था। 26 जुलाई की शाम करीब साढ़े 6 बजे उनके पति हिरेश्वर साहू ने महेन्द्र कुमार से मकान का बकाया 200 रुपये किराया तथा बिजली बिल की राशि देने के लिए कहा। इस पर महेन्द्र ने बाद में भुगतान करने की बात कहकर वहां से चला गया। शिकायत के अनुसार करीब आधे घंटे बाद महेन्द्र कुमार अपनी पत्नी भारती और साले गोलू बघेल के साथ दोबारा घर पहुंचा। उस समय डिगेश्वरी साहू घर के बाहर खड़ी थीं। आरोप है कि तीनों ने बकाया राशि मांगने की बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर तीनों ने हाथ, मुक्कों और लातों से मारपीट की तथा बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर गिराने का प्रयास किया। मारपीट के दौरान शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर विवाद को शांत कराया। घटना में डिगेश्वरी साहू की पीठ में चोट आने की बात शिकायत में कही गई है। इसके बाद पीड़िता ने कांकेर थाना पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी महेन्द्र कुमार, भारती और गोलू बघेल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296, 3(5) एवं 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर किया मंथन व नवोदय तैयारी को सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुगूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल में शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, परिणामोन्मुख एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी के नेतृत्व में बीईओ कार्यालय में समस्त प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए सभी विद्यालय प्रमुखों एवं संकुल समन्वयकों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाले सभी कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने तथा प्रत्येक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पात्र विद्यार्थियों के लिए प्रतिदिन निःशुल्क कोचिंग संचालित करने और 31 जुलाई से पहले सभी पात्र विद्यार्थियों के आवेदन भरवाने के निर्देश दिए गए। संकुल लोहत्तर द्वारा संचालित

निःशुल्क कोचिंग व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे अन्य संकुलों के लिए अनुकरणीय बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि नवोदय विद्यालय चयन में विकासखंड की अग्रणी पहचान को बनाए रखने के लिए सभी शिक्षकों को समर्पित भाव से कार्य करना होगा।

बैठक में कक्षा पहली से बारहवीं तक छात्र संख्या, अपार आईडी निर्माण, मध्यान्ह भोजन पोर्टल, न्योता भोजन, पाठ्यपुस्तक वितरण, पुस्तक स्कैनिंग, जाति, आय एवं निवास प्रमाण-पत्र, गैस सिलेंडर वितरण, आई टेस्ट एवं चश्मा वितरण, अतिथि शिक्षकों की उपलब्धता, आधार आधारित उपस्थिति, ई-मेल आईडी अपडेट तथा यू-डाइस डेटा सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि समन्वित प्रयासों और नियमित मॉनिटरिंग से विकासखंड नवोदय, प्रयास, एकलव्य, नीट, जेईई सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बेहतर परिणाम हासिल करेगा।

शादी का वादाकर किया दुष्कर्म आरोपी रिमांड पर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सिटी कोतवाली कांकेर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 जुलाई को पीड़िता ने थाना सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम कोलियारी निवासी 27 वर्षीय ईश्वर सिंह गोटा पिता सुकलाल गोटा ने वर्ष 2020 में उससे प्रेम संबंध स्थापित कर शादी करने का भरोसा दिया। पीड़िता का आरोप है कि

इसी विश्वास में रखकर आरोपी ने जनवरी 2021 से 13 जुलाई 2026 तक उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी से इंकार करने पर उसने पुलिस की शरण ली। शिकायत के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 248/2026 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 एवं 351(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र साहू के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने ग्राम कोलियारी, थाना आमाबेड़ा में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने के बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र साहू, सउनि भुनेश्वरी भगत, पीएसआई प्रज्ञा पैकरा, प्रधान आरक्षक शिव बेसरे, आरक्षक ईश्वर साहू, रोशन राठौर, रामप्रसाद साहू तथा महिला आरक्षक अंजली गोटा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एक पेड़ माँ के नाम पर रोपे पौधे व ली छात्रों ने हरियाली संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम 3.0 अभियान के तहत पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, दुर्गूकोंदल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा उत्साहपूर्ण वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प से गूंज उठा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने न केवल पौधारोपण किया, बल्कि प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन का सामूहिक

संकल्प भी लिया।

विद्यालय के प्राचार्य अजय नेताम के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी दिलीप सेवता ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविंद मंडावी, जिला संगठन एवं सहायक प्राध्यापक शासकीय कंगलू कुम्हार महाविद्यालय दुर्गूकोंदल रहे। उन्होंने कक्षा 11वीं एवं 12वीं के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो धरती को फिर से हरा-भरा बनाया जा सकता है। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे पहले मन से भय को निकालना आवश्यक है। आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष सियाराम पोटाई, नीलम साहू, रूपेश साहू, प्रमोद यादव, हरीश नागराज सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

शासकीय कार्यालयों और स्कूलों में सुबह 7.30 बजे ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक ली, कलेक्टर ने सौंपे उत्तरदायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस का समारोहपूर्वक आयोजन आगामी 15 अगस्त को किया जाएगा। इसके

गरिमामयी आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बैठक लेकर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों की जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय पर्व के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को परस्पर सामंजस्य और समन्वय के साथ सौंपे गए उत्तरदायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में बताया गया कि इसके लिए अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में 15 अगस्त को प्रातः 7.30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसी तरह जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में किया जाएगा, जहां पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। समय-सीमा बैठक के पश्चात आयोजित मीटिंग में कलेक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सम्पूर्ण कानून व्यवस्था के लिए अपर कलेक्टर तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त गया है।

इसी प्रकार समारोह स्थल में मुख्य मंच का निर्माण, अतिथियों की बैठक एवं बैरिकेटिंग व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग, सलामी मंच एवं आकर्षक पौधे इत्यादि की व्यवस्था उद्यानिकी विभाग, विद्युत एवं जनरेटर व माइक सेट की व्यवस्था विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग, मार्च पास्ट एवं परेड का संचालन रक्षित निरीक्षक द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के लिए आमंत्रण पत्र मुद्रण की व्यवस्था, समारोह स्थल पर पेयजल की व्यवस्था, मुख्य मंच पर अतिथियों की बैठक व्यवस्था, शहीदों के परिजनों, पत्रकार दीर्घा व दर्शक दीर्घा की बैठक व्यवस्था दो दिन पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं।

यह भी बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए रिहर्सल 02 अगस्त से शुरू होगा जिसका अंतिम पूर्वाभ्यास 13 अगस्त को किया जाएगा और साथ ही विभिन्न मोर्चों में शहीद हुए जवानों के परिजनों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिसके लिए सूची 08 अगस्त तक जिला पंचायत कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

उन्होंने राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुकूल सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का अक्षरशः कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। विशेष तौर पर इस अवसर पर जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद थे।